मागिल किन्डरगार्टन सूचना सारांश

फ़ोन नम्बर 83324803 वेबसाईट का पता www.magillkgn.sa.edu.au

ईमेल dl.4641.leaders@schools.sa.edu.au

स्टाफ़-

निदेशक इसोबेल क्विक, शिक्षक रबेका, कैरन प्रांभिक बाल श्रमिक विकी, नजाक

स्कूल में प्रवेश करने से एक वर्ष पहले बच्चे बाल विहार (किन्डरगार्टन) में भाग लेने के पात्र हैं, और उस वर्ष शुरू करने के लिए 1 मई से पहले 4 वर्ष का होना अनिवार्य है। बच्चे या तो येलो (पीले) या ग्रीन (हरे) ग्रुप में भाग लेते हैं।

येलो ग्रुप	सोमवार और मंगलवार	8.15 -3.45 दोपहर तक
हरा ग्रुप	वीरवार और शुक्रवार	8.15-3.45 दोपहर तक

किन्डरगार्टन फ़ीस

$120 हर सत्र +$10 धनराशि उगाहने की लेवी माता-पिता को बीजक (इनवॉय़स) मिलेगा

स्वास्थ्य की स्थिति

यदि आपके बच्चे को दमा, तीव्रग्राहिता या एलर्जी जैसी स्वास्थय की दशा है तो आपको अपने चिकित्सक द्वारा लिखित स्वास्थ्य योजना और लेबल लगी दवा प्रदान करनी पड़ेगी। दवा कर्मचारियों को दी जानी चाहिए, बच्चों के थैले में नहीं रखी रहनी चाहिए।

स्वस्थ भोजन नीति

हमारी स्वस्थ भोजन की नीति है जो माता-पाता को अपने बच्चों के लिए स्वस्थ भोजन भेजने का अनुरोध करती है- उदाहरण के लिए; फल, सब्ज़ियाँ, सैंडविच, चावल, दही, सूशी, चपाती, डम्पलिंग।

केक, बिस्कुट, मीठी गोलियाँ, चाक्लेट और मूसली बार देने से परहेज़ करें।

बच्चों में एलर्जी के कारण **मेवों (नटस्) की मनाही है**-न्युटेला, मुंगफली का पेस्ट, मुंगफली , बादाम नहीं दें

आपके बच्चे को आवश्यकता होगी:

- स्वस्थ लंच- सामने के दरवाज़े पर लंच ट्रॉली में रखें
- पानी की बोतल और फल- बच्चो के थैले में उनके लॉकर में रहता है।
- एक नामित टोपी

आगमन और प्रस्थान के समय वयस्कों को हस्ताक्षर करने वाले कागज़ पर हस्ताक्षर करने होंगे। यदि हमने लिखा हो " स्टाफ़ से मिलें" तो उनसे मिलें क्योंकि हो सकता है कि आपके बच्चे को प्राथमिक चिकित्सा दी गई हो। गम्भीर दुर्घटना या स्वास्थ्य समस्या होने पर हम माता-पिता को फ़ोन करते हैं।

यदि कोई और व्यक्ति बच्चे को लेने आता है तो बच्चे के दाख़िला फ़ार्म पर उन्हें अधिकृत रूप से सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। उनसे पहचान पत्र मांगा जा सकता है। हमें यह सूचित करने के लिए कि बच्चे को कौन लेगा और छुट्टियों इत्यादि के बारे में , सामने के दरवाज़े पर रखी संचार पुस्तिका का प्रयोग करें। यदि आपका बच्चा अस्वस्थ है तो ईमेल करें।

नीतियाँ

हमारी कई नीतियाँ और प्रक्रियाएँ हैं जिनका हम पालन करते हैं। ये हमारी वेबसाईट पर और सामने के दरवाज़े पर नीति पुस्तिका(पॉलिसी बुकलेट) में हैं।